रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

भाजपा श्रद्धालुओं के साथ
भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कहा है कि वे सबरीमाला पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने के निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के साथ हैं।

रविवार, 28 अक्तूबर 2018, नगर/गाजियाबाद, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

आज का दिन 1891 में जापान में आए भूकंप से 7300 लोग मरे।

मुख्यमंत्री ने कहा- एक साल में निर्माण कार्य पूरा कराएंगे, दिसंबर में जमीन अधिग्रहण का काम पूरा होगा

मोदी जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे: योगी

सुविधा

लखनऊ | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जेवर ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम दिसंबर में पूरा हो जाएगा। दिसंबर में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे।

एक साल के अंदर ही जेवर के साथ साथ कुशीनगर हवाई अड्डे के निर्माण की राज्य सरकार पूरी कोशिश करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात शनिवार को दिल्ली में इंडिया आइडियाज कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को तीन साल में बना लिया जाएगा। जो जमीन ली गई है, उसके लिए किसानों की सहमति है।

सबरीमाला पर फैसला आया है तो मंदिर पर भी आना चाहिए : मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट सबरीमाला के मामले पर फैसला दे सकता है तो राम मंदिर पर भी फैसला देना चाहिए। उनकी सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है। मोदी सरकार विकास की ढेर सारी योजनाएं चला रही है, इसमें किसी का धर्म व जाति नहीं पूछी जा रही है। यही रामराज्य है। उन्होंने कहा कि छह नवंबर को अयोध्या में दिवाली मनाई जाएगी। इस बार इस आयोजन में दक्षिण कोरिया भी शामिल होगा। सीएम ने कहा कि यूपी में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में छह लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे देश का सबसे बड़ा हाईवे होगा। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद यूपी में 13 मेडिकल कालेज ही बने जबकि उनकी सरकार 13 नए मेडिकल कालेज खोलने पर काम कर रही है।

योगी चिकन जरदोजी पर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अवध शिल्प ग्राम में चिकन जरी जरदोजी पर ओडीओपी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर ओडीओपी प्रदर्शनी व बायर सेलर्स मीट में शिरकत करेंगे। इस मौके पर अमेजन व क्यूसीआई द्वारा ओडीओपी उत्पादों पर किये गये कार्य का प्रदर्शन होगा। सीएम ओडीओपी उत्पाद के लाभार्थियों को चेक व टूल वितरित करेंगे। ओडीओपी प्रदर्शनी का मकसद राज्य के चिकनकारी व जरदोजी के कारीगरों के उत्पादों को बढ़ावा देना व बाजार उपलब्ध कराना है। इसमें 160 स्टाल लगाए गए हैं। यह कारीगर लखनऊ के अलावा उन्नाव, चंदौली, ललितपुर, कासगंज, बरेली व बदायूं के कारीगर अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।